कार्यालय नियंत्रक नाप–तौल म.प्र. भोपाल

होशंगाबाद रोड, गायत्री मंदिर के सामने भोपाल पिन कोड 462011

क्रमांक 7012/नातौ/प्रर्व/2017 भोपाल, दिनांक 23.10.2017

प्रति

समस्त उप/सहायक नियंत्रक
निरीक्षक
नाप–तौल ....

विषय :– विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 तथा मध्यप्रदेश विधिक मापविज्ञान नियम, 2011 अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्रदाय, अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण तथा पैक बंद वस्तुओं के संबंध मे पैककर्ता/निर्माणकर्ता/आयतकर्ता का पंजीयन।

– – – –

उपरोक्त विषय में अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत वर्तमान में अनुज्ञप्ति प्रदायगी/ अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण तथा पैकबंद वस्तुओं के संबंध में निर्माता/आयातकर्ता/पैककर्ता के पंजीयन की कार्यवाही आवेदन प्राप्त करने तथा अनुज्ञप्ति एवं इनका नवीनीकरण तथा पैक बंद वस्तुओं के संबंध मे पैककर्ता/निर्माणकर्ता/आयतकर्ता का पंजीयन जारी करने की कार्यवाही समस्त स्तरों पर लिखित आवेदन प्राप्त कर तथा कागजों पर भौतिक रूप से हस्ताक्षर कर की जा रही है ।

शासन के निर्देशों के अनुरूप विषयांकित सेवाए अब ऑनलाईन उपलब्ध होने के कारण निर्देशित किया जाता है कि अब इन सेवाओं के संबंध में भौतिक रूप से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाए तथा आवेदक को ऑनलाईन प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया जावे ।

ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में विवरण एवं प्रकिया इस कार्यालय कि वेबसाईट "www.cwnm.nic.in" पर "Ease of Doing Business/सहजता से व्यवसाय" लिंक के अंतर्गत दी गई है।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 23.10.2017 तक प्राप्त समस्त आवेदनों को निराकरण हेतु इस कार्यालय को प्रेषित किया जावे ।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होंगे ।

SKJain

(एस.के. जैन)
नियंत्रक
नाप–तौल,म.प्र.,भोपाल

पृ. क्र. /नातौ/ प्रर्व /2017 भोपाल, दिनांक

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. उप सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल ओर सूचनार्थ प्रेषित।

नियंत्रक
नाप–तौल,म.प्र.,भोपाल